तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार, 19 मई 2024



4 रेत की अवैध डंपिंग पर रायपुर व सारंगढ़ खनिज अमले की संयुक्त कार्रवाई






## खबर संक्षेप

### सामान खरीदी करने पर रसीद जरूर मांगे उपभोक्ता

**सारंगढ़।** आज के समय में उपभोक्ताओं का जागरूक होना आवश्यक है। कोई भी व्यक्ति जो किसी सेवा के बदले शुल्क भुगतान करते हैंए वे उपभोक्ता कहलाते हैं। उपभोक्ता को कोई भी समान खरीदने के बाद रसीद जरूर मांगना चाहिए। यह उपभोक्ता का पहला अधिकार है। आज क़े दौर में असली नकली का फर्क करना मुश्किल है। कई उपभोक्ता को गलत सामान दे दिए जाते हैंए जिससे उपभोक्ता को क्षति होती है। उपभोक्ता सेवा में त्रुटि होना गलत है। ऐसे में सेवा प्रदाताए निर्माताए विक्रेता के खिलाफ क्षतिपूर्ति के लिए जिला आयोग में परिवाद दाखिल किया जा सकता है। आनलाइन हेल्पलाइन 1915 या टोल फ्री नंबर 1800114000 से सहायता ले सकते हैं। प्रत्येक जिले में उपभोक्ता प्रतितोष आयोग कार्य कर रहा है। पहले इसे जिला उपभोक्ता फोरम के नाम से जाना जाता था। इसमें बिजली, टेलीफोन, रेल, डाक सहित अन्य मामले में भी परिवाद दाखिल किया जा सकता है। जबसे लोग पैदा होते हैं उपभोक्ता हो जाते हैं। अभी डिजिटल युग में जरूरत हैए गांव. गांव में जागरूकता शिविर आयोजित करने की। एक किसान से लेकर अधिकारी तक उपभोक्ता हैं। जानकारी के अभाव में लोग अपनी बात उचित फोरम पर नहीं रख पाते हैं। अब डिजिटल माध्यम से भी उपभोक्ता अपनी शिकायत उपभोक्ता फोरम में दाखिल कर सकते हैं। उपभोक्ता न्यायालय बहुत सरल और त्व रित न्योय प्रदान करते हैं। यह कोर्ट सिविल न्यायालय के केस प्रक्रिया से आसान हैं। इनमें वकील अथवा किसी अन्य तर्क देने वाले की कोई आवश्यकता नहीं है और उपभोक्ताय स्वलयं ही अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से मामला दायर कर सकता है और अपनी शिकायत प्रस्तुयत कर सकता है।

### मोटर साइकिल चोर गिरफ्तार

**कटेली।** सारंगढ़ बिलासपुर रोड में 11 मई की मध्य रात्रि ग्राम चंदाई में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घर के बाहर खड़ी हुई मोटर साइकिल गाडी क्र सीजी 04 केई 9667 गाडी पैशन प्रो ब्लैक कलर का है जिसको अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले जाने का रिपोर्ट प्रार्थी थाना सारंगढ़ आकर दर्ज कराया जिस पर थाना सारंगढ़ पुलिस ने धारा 379 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। अज्ञात चोर के गिरफ्तारी हेतु साइबर सेल एवं सारंगढ़ पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगे हुए थे। मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ की ग्राम मंधाईभांटा का तेजस्वीनी साहू चोरी का मोटर साइकिल रखा हुआ हैएऔर बिक्री करने ग्राहक की तलाश में ग्राम सिंहा थाना पुसौर क्षेत्र की तरफ़ जाना बतायेएउक्त सूचना को वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराया गया। सारंगढ़ पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश्वर प्रसाद चंदेल एवं डीएसपी अविनाश मिश्रा के कुशक नेतृत्व में साइबर सेल एवं कोतवाली सारंगढ़ पुलिस की टीम द्वारा आरोपी के पतासाजी हेतु तत्काल ग्राम सिंहा पुसौर क्षेत्र की ओर रवाना हुए। आरोपी तेजस्वीनी साहू को चोरी के मोटर साइकिल की बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश करते हुए पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### मजदूरों को ग्लोकस ओआरएस वितरित

**सारंगढ़।** परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने श्रमिकों के स्वास्थ्य के लिए नई पहल किया है। इस नई पहल अंतर्गत पंचायत और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले में चल रहे विकास कार्यों के कार्य स्थल पर मितानिनो एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा कार्य स्थल पर श्रमिकों के लिए निःशुल्क ग्लूकोस, ओआरएस, शरबत इत्यादि मुहैया कराया जा रहा है, जिससे श्रमिकों को भीषण गर्मी में कार्य करते हुए थोड़ी राहत मिल सके। यह कार्य विकासखंड बिलाईगढ़ के कई ग्राम पंचायतों में किया गया।

## किसानों की फसल को पहुंचा रहे नुकसान

# 27 हाथियों के दल ने गोमर्डा अभयारण्य में जमाया डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली



सारंगढ़ के गोमर्डा अभ्यारण्य बरमकेला में 26-27 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों ने ग्रामीणों की फसलों को बर्बाद कर दिया है। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से सचेत रहने की अपील की है। सुरेंद्र अजय वनपरिक्षेत्र अधिकारी ने बताया किए पिछले साल जून के महीने में यहां पर हाथियों का दल आया और यहीं पर अपना डेरा जमा लिया। आजकल ये बरमकेला गोमर्डा अभ्यारण्य केकराजोरी तालाब कक्ष क्रमांक 983 में विचरण कर रहे हैं। यहां पर ये फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीण भी दहशत में हैं। वन विभाग ने गांव में मुनादी कर लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है। ग्रामीणों को तेंदूपत्ता के लिए जंगल जाने से भी रोका गया है। अफसरों का कहना है किए जिनकी फसलों का नुकसान हुआ है उसका आंकलन करके मुआवजा दिया जाएगा। इसलिए वे हाथियों को कोई नुकसान न पहुंचाएं। बरमकेला केकराजोरी तालाब कक्ष क्रमांक 983 में विचरण कर रहे हैं।

**खास बात**
- वन विभाग गांव में मुनादी कर लोगों को कर रहा सतर्क

### स्क्रीनिंग कार्यक्रम में लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**रायगढ़।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन सार्वजनिक एवं शासकीय कार्यालयों में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी सहित जनसामान्य ने कैंप में आकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। इसी कड़ी में जिला पंचायत में आयोजित स्क्रीनिंग कैम्प में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने अपना बीपी एवं शुगर जांच कराया। साथ ही कार्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित डीईआईसी जतन केन्द्र में कुल 90 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। साथ ही जिला मुख्यालय के कलेक्टोरेट कार्यालय एवं जिला एवं सत्र न्यायालय में भी प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टोरेट एवं जिला न्यायालय के अधिवक्तागण, अधिकारी कर्मचारियों सहित आसपास के स्थानीय नागरिकों सहित 130 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चंद्रवंशी ने बताया कि जिले में 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर जिला एवं विकासखण्ड स्तर विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

# कलेक्टर पहुंचे लैलूंगा, तालाब गहरीकरण कार्य का किया निरीक्षण, ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल शनिवार को विकासखण्ड लैलूंगा के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने पाकरगांव के पंडरीतालाब में चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रमिकों से मजदूरी भुगतान के बारे में जानकारी लीए श्रमिकों ने बताया कि नियमित रूप से भुगतान मिल जाता है।

कलेक्टर श्री गोयल ने उनसे यहां बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत भी साथ उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल लैलूंगा के शासकीय उद्यान रोपणी कुंजारा भी पहुंचे। जहां वर्तमान में 21 प्रकार की प्रजाति के आम फसल लगे हुए है। साथ ही यहां लीची फसल का भी उत्पादन किया गया है। कलेक्टर श्री गोयल ने पूरे उद्यान परिसर का मुआयना किया और आम फसल की बागवानी को देखकर उद्यान प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने उद्यान में मिस्ट चैंबर एवं हार्डेनिंग चैंबर के मरम्मत हेतु प्राक्कलन तैयार कर जिला पंचायत को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने वहां के स्टाप डेम को भी देखा। उक्त स्टाप डेम के पानी से पूरे उद्यान के पौधों को सिंचित किया जाता है।

## कैम्प में बच्चों को प्रेरणादायक फिल्म के जरिए करेंगे प्रेरित

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के दिशा निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में तीन दिवसीय विशेष समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विदित हो वर्तमान में 15 जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश प्रभावी है, इस दौरान बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर बहुमुखी विकास के लिए रचनात्मक गतिविधियां अपने स्कूलए संकुल स्तर या गांव शहर के सामुदायिक स्थलों पर आयोजित किया जाना है। जिले रायगढ़ में होने वाले समर कैंप के दौरान जिलाए विकासखण्ड एवं स्कूल स्तर स्कूली छात्र छात्राओं को प्रथम विशेष आयोजन में प्रेरणादायक फिल्म दिखाई जाएगी। विशेष समर कैंप के द्वितीय विशेष आयोजन के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत छात्र छात्राओं को जिले में अवस्थित स्टील प्लांट्स, रेलवे स्टेशन, बैंक, एटीएम, पोस्ट ऑफिस जैसी सरकारी, अर्ध सरकारी सहित प्राइवेट लिमिटेड संस्थानों का एक्सपोजर विजिट कराते हुए इन विभिन्न संस्थानों की कार्यप्रणाली से छात्र छात्राओं को अवगत कराया जाएगा।

# ईंट भट्ठों में दबिश देकर 3 संचालकों को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

खनिज के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 5 वाहनों की जब्ती बनाई गई है। वहीं ईंट भट्ठों में दबिश देकर अवैध ईंट भट्ठा संचालन पर कार्रवाई करते हुए 3 संचालकों को नोटिस भेजा गया है।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर जिले में संचालित अवैध ईंट भठ्ठे ग्राम सेंदरी के तीन ईंट भट्ठों पर कार्यवाही की गई। साथ ही संबंधित ईंट भट्ठा मालिक कल्याण साहू एवं वेदप्रकाश को नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाये 5 वाहनों पर कार्यवाही कर थाना डभरा एवं हसौद के सुपुर्दगी में रखा गया। जिला खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

- 5 वाहनों को जब्त करने की गई कार्रवाई



जब्त वाहन के साथ पुलिस टीम।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना फगुरम चौकी क्षेत्र के ग्राम घिवरा की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

इस संबंध में फगुरम पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 17 मई को सक्ती जिले के ग्राम केरीबंधा निवासी राजेश्वर गोंड़ पिता झाड़ूराम गोंड़ उम्र 40 वर्ष की लाश ग्राम पंचायत घिवरा में मिली है। इस मामले की सूचना आसपास के लोगों के द्वारा फगुरम पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहीं युवक के शव को पंचनाामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं पुलिस द्वारा वाहन के नंबर के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई है।



### पोषण आहार ब्लड प्रेशर से बचने का बेहतर उपाय

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही के मार्गदर्शन में जिले भर में विश्व रक्तचाप दिवस मेजर योर ब्लड प्रेशर एक्युरेटली, कंट्रोल ईट, लाइव लांगर थीम के साथ मनाया गया। जिले के स्वास्थ्य अमला के अधिकारी कर्मचारियों विशेष कर मैदानी क्षेत्रों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के माध्यम से रक्तचाप जांच कर लोगों को उपचार देते एवं अच्छे जीवन शैली के लिए जागरूक करते नजर आए। मैदानी क्षेत्रों में विश्व रक्तचाप दिवस का प्रभावी क्रियान्वयन हो इसके मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों और सेक्टर प्रभारी अधिकारियों को भी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। डॉ अवधेश पाणिग्राही ने बताया रक्तचाप से बचने के लिए संतुलित पोषण आहार का सेवन करेंए वजन नियंत्रित रखें, शराब एवं धूम्रपान के प्रयोग से बचें, नमक का कम से कम सेवन करें एवं नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियां करते हुए तनाव मुक्त जीवन यापन करें। जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों स्वास्थ्य केंद्रों में रक्तचाप की नियमित जांच की जाती है और निःशुल्क उपचार की व्यवस्था भी सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में उपलब्ध है।

## राजेश हत्याकांड को लेकर बंग समाज ने निंदा प्रस्ताव पारित कर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राजेश हत्याकांड को लेकर शनिवार की शाम पांच बजे बंग समाज के लोगो ने धरमजयगढ़ कालोनी में एक बैठक आहूत की जिसमे इस हत्याकांड को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही इस हत्या कांच में शामिल आरोपी मोइन खान जिसके परिजनों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जी लगाने की बात सुनने आई हैए जिसे लेकर मृतक राजेश के परिजनों सहित बंग समाज ने पुरजोर विरोध जताया।साथ ही मृतक की मां का हरसंभव सहयोग करने की बात भी कही। बता दें इससे पूर्व आरोपी मोइन की जमानत हाईकोर्ट द्वारा खारिज की जा चुकी है। आपको बता दे की जनवरी 2024 में धरमजयगढ़ कालोनी में राजेश विस्वास की उसकी पत्नी और प्रेमी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। जिसके बाद धरमजयगढ़ पुलिस ने इस अंधे कत्ल को सुलझाते हुए घटना के चार आरोपियों को जेल भेज दिया था जिसके बाद से इस हत्याकांड के सभी आरोपी जेल में है और जमानत के प्रयास में लगे हुए है। बीते 16 जनवरी को राजेश विश्वास की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में 4 लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा संपन्न



**रायगढ़।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन आज प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिले के 4 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा में कुल 1165 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ महेश शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीयए आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान द्वारा संचालित रायगढ़ जिले में 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चोढ़ा विखं खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी विखं धरमजयगढ़ एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय धरमजयगढ़ में परीक्षा संपन्न हुई।

# एनटीपीसी लारा में बालिका सशक्तिकरण अभियान

**रायगढ़।** अखिलेश सिंह परियोजना प्रमुख एनटीपीसी लारा श्रीमती संगीता सिंह, अध्यक्षा, प्रेरिता महिला समिति द्वारा बालिकाओं का व्यक्तित्व विकास के लिए विशेष रूप से बनाए गए 4 सप्ताह की आवासीय कार्यशाला का शुभारंभ 17 मई को मैत्री नगर टाउनशिप एनटीपीसी लारा के तरंग सभागार में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने कहा रायगढ़ जिले के सर्वगिन विकास के लिए एनटीपीसी लारा प्रयासरत है। बालिका सशक्तिकरण अभियान पर ध्यान केंद्रित करते हुए श्री सिंह ने कहा एनटीपीसी लारा द्वारा आयोजित किया जा रहा आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिकाओं का व्यक्तित्व विकास पर केन्द्रित एक अनोखा पहल है। यह कार्यक्रम उनके उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में मील का पत्थर साबित होगा। जैसे एक कुम्हार कच्ची मिट्टी से घड़ा बनाता है उसी तरह बचपन में हम बालिकाओं को जैसे प्रशिक्षित करेंगे वह खुद को वैसे ही तैयार करेंगे।10 से 11 आयु वर्ग की लड़कियों के लिए यह एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो की बालिकाओं को आत्मरक्षा, योग, ड्राइंग, पेंटिंग के साथ उनके शैक्षिक पाठ्यक्रम के क्षेत्रों में लगभग एक महीने के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरना होगा।



इस दौरान अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा नृत्य, संगीत, कला, अभिनय और व्यक्तित्व विकास के बारे में उनको सिखाया जाएगा। एनटीपीसी लारा में आसपास के गांवों की 40 लड़कियों ने इस कार्यक्रम के लिए नामांकन कराया है जो की 13 जून तक जारी रहेगी। इस अवसर पर राजीव रंजन, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण रवि शंकर, महाप्रबंधक परियोजना, जाकिर खान, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन। विभाध्यक्षगण कर्मचारी एवं बच्चों के माता पिता उपस्थित रहे।

## हेमचंद विश्वविद्यालय से 2019 में शुरु किया था अध्ययन

# छत्तीसगढ़ पुलिस की व्यवस्था पर शोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस महकमे में निरीक्षक पद पर पदस्थ नरेश पटेल ने दुर्ग के हेमचंद विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री हासिल कर ली है। श्री पटेल को यह डिग्री छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था के दो दशक दुर्ग जिले के विशेष संदर्भ में किए गए शोध कार्य के लिए दी गई है। उन्हें विश्वविद्यालय की तरफ से 17 मई को यह उपाधि जारी हुई है।

उल्लेखनीय है कि निरीक्षक पटेल विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दे चुकें है और मौजूदा वक्त में जांजगीर चांपा में पदस्थ है। श्री पटेल ने वर्ष 2019 में दुर्ग की हेमचंद यूनिवर्सिटी से पीएचडी करने की शुरुआत की थी। उन्होंने इतिहास विषय में छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था के दो दशक विशेष संदर्भ दुर्ग जिला में अपना शोध कार्य किया। इतिहास विषय से संबंधित प्रथम पीएचडी वाइवा में शोधार्थी नरेश पटेल ने पावर पॉइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। नरेश पटेल ने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक सेवा निवृत्त प्राध्यापक डॉ. किशोर कुमार अग्रवाल एवं सह शोध निर्देशक साइंस कॉलेज दुर्ग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार पांडे के मार्गदर्शन में किया। शोधार्थी नरेश पटेल ने अपने वायवा के दौरान पुलिस द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी।



### शोध में पांच अध्याय

मिली जानकारी के अनुसार इस शोध सामग्री को व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करने के लिए समूची रूपरेखा पांच अध्यायों में विभक्त है। इन अध्यायों को अनेक उप अध्यायों में विभाजित कर शोध को अधिक से अधिक सुपाठ्य एवं संगठित करने का प्रयास किया गया है। रूपरेखा में मूलतः पुलिस व्यवस्था की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, छत्तीसगढ़ राज्य में पुलिस की संरचना एवं संगठन, जिला पुलिस व्यवस्था दुर्ग जिले के संदर्भ में दुर्ग जिला में थाना प्रशासन एवं कार्य प्रणालीए जिला पुलिस के सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे प्रमुख अध्यायों को स्थान दिया गया है।

### अन्य शोध संबंधी प्रविधियों को भी स्थान

प्रस्तावनाए निष्कर्ष एवं परिशिष्ट को अध्यायों की सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है। जबकि आरेख, मानचित्र, तालिका, चित्रावली, संक्षेप सूची, शब्द संकलन, संदर्भ ग्रंथ सूची, प्रश्नावली अनुसूची तथा समाचार पत्र कतरनों को पृथक स्थान दिया गया है। प्रस्तावना में शोध प्रारूप के अंतर्गत पूर्ववर्ती साहित्य की समीक्षा एवं अन्य शोध संबंधी प्रविधियों को पृथक से शोध प्रबंध के प्रारंभ में ही स्थान दिया गया है।



## सीएमएचओ ने किया तुरकेला स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

**रायगढ़।** खरसिया विकासखंड के ग्राम ग्राम तुरकेला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने के लिए शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीके चंद्रवंशी पहुंचे। जहां उन्होंने नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य के भवन का जायजा लिया। इसके अलावा भवन मरम्मत कार्य की गुणवत्ता की भी जांच की। अहम बात यह रही कि इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित भवन सहित मरम्मत कार्य पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कार्य को बारिकी से जांचा और अधिकारियों को कार्य को लेकर लापरवाही नहीं बरतने की बात कही। इस दौरान उनके साथ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक पटेल, विकासखंड प्रबंधक सूरज पटेल और विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

18- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2-new_Layout 1 5/18/2024 8:22 PM Page 1



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# इन सितारों ने की परदे के लंगूरों की कमाल एक्टिंग



**लॉस एंजिलिस।** फिल्म 'द किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' पूरी दुनिया मे रिलीज हो चुकी है। कहानी का आधार वही 'प्लैनट ऑफ द एप्स' है जिसे पहली बार परदे पर 1968 में उतारा गया था। हालांकि तब कहानी एक ऐसे ग्रह पर पहुंचे इंसानों की थी, जहां वानर राज कायम है। फिर इस कहानी में तब्दीलियां हुई। इसे धरती पर ही इंसानों के बनाए विषाणु से जोड़ा गया। पिछली तीन फिल्में इस सीरीज की सुपरहिट रहीं। 'राइज', 'डान' और 'वॉर' के आखिर में सीजर की मौत के बाद अब इस फ्रेंचाइजी ने नई करवट ली है। तीन नई फिल्मों में एक नई कहानी दिखाने की शुरुआत फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' से हो चुकी है, ये इस रीबूट वर्जन ट्रायलॉजी की पहली फिल्म है। फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' की कहानी दिलचस्प है। जब ये मान लिया गया है कि धरती से इंसानों का विनाश हो चुका है और यहां हर तरफ फैल चुके लंगूरों ने आपस में ही भिड़ना शुरू कर दिया है तो एक नया अध्याय शुरू होता है। लंगूरों के ईगल कुनबे का शहजादा नोआ इस इतिहास की नई कहानी लिखता है और इस संघर्ष में उसका साथ देते हैं उसके दो दोस्त, उसकी मां, एक बुजुर्ग दोस्त और एक इंसानी युवती। लेकिन, इन किरदारों को निभाने वाले कलाकारों के बारे में विस्तार से जानने से पहले आपको ये बताना जरूरी है कि ये फिल्में बनती कैसे हैं। ये तकनीक मोशन कैप्चर फिल्म मेकिंग कहलाती है और इस तकनीक पर ही 'अवतार', 'किंग कॉन्ग' और 'बैटल एंजिल' जैसी फिल्में बनी हैं। मार्वल की एवेंजर्स सीरीज का विलेन थानोस भी ऐसे ही रचा गया था। एंडी सरकिस ने ही 2005 में रिलीज फिल्म 'किंग कॉन्ग' में शीर्षक किरदार की एक्टिंग की थी। अब बात करते हैं फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' की। इस फिल्म का हीरो है ईगल कुनबे के सरदार का बेटा नोआ। नोआ एक ऐसा किरदार है जो मासूम भी है और जरूरत पड़ने पर वह सख्त भी हो जाता है।

## टॉलीवुड

# प्रभास की एक क्रिप्टिक पोस्ट के बाद शुरू हुई शादी की चर्चा

सुपरस्टार प्रभास ने कुछ देर पहले ही इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट ने लोगों के बीच कंफ्यूजन बढ़ा दी है। इस पोस्ट ने प्रभास की शादी की चर्चा को हवा दी है। प्रभास ने इस पोस्ट में बताया है कि उनकी जिंदगी में किसी खास शख्स की एंट्री हो चुकी है। उस खास शख्स को डार्लिंग्स बता रहे हैं। उनकी इंस्टा स्टोरी को उनके फैन पेज ने जैसे ही प्रभास की पोस्ट को शेयर किया, फैंस ने उनकी गर्लफ्रेंड और शादी के कयास लगाने शुरू कर दिया. उनकी ये पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। प्रभास ने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'डार्लिंग्स आखिरकार, कोई बहुत खास हमारे लाइफ में एंट्री करने वाला है इंतज़ार करें चेयंडी।' फैंस एक्स पर यह समझने की कोशिश करने लगे कि प्रभास की इस पोस्ट का मलतब क्या है? प्रभास के फैंस ने कयास लगाना शुरू कर दिया कि वह जल्द ही अपनी शादी का ऐलान कर कते हैं। हालांकि, कुछ लोगों ने कयास लगाया कि प्रभास का यह पोस्ट उनकी अपकमिंग फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' से जुड़ी है। प्रभास के फैन ने इस पोस्ट को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा,"प्रभास आम तौर पर अपने पर्सनल इंटरेस्ट और चीदों को सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करते हैं, खासकर हाल के दिनों में. तो यह संभवतः हैशटैग 'कल्कि 2898 एडी' प्रमोशन या किसी अन्य फिल्म के लिए है!' पोस्ट में आगे लिखा गया, "हर कोई उनकी शादी की अनाउंसमेंट के बारे में खुशखबरी सुनना पसंद करेगा, लेकिन वह इससे जुड़ा अपडेट आगे देंगे." शादी को लेकर पिछले साल एक चैट शो में प्रभास ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि जब सलमान खान शादी कर लेंगे, उसके बाद शादी करेंगे. प्रभास को आखिरी बार फिल्म 'सालार' में देखा गया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर हुई थी। इससे पहले आई उनकी मेगाबजट 'आदिपुरुष' बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। अब वह साइंस फिक्शन 'कल्कि 2898 एडी' में भैरव के किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म 27 जून को रिलीज होगी। इसमें दीपिका पादुकोण, दिशा पाटनी, अमिताभ बच्चन समेत कई बड़े स्टार्स हैं।



## भोजपुरी

# 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' का ट्रेलर रिलीज


भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में काजल राघवानी की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी अपकमिंग मूवी 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है और रिलीज होते ही ये यूट्यूब पर छा गया है। इस फिल्म में आपको खूब सारे ड्रामे के साथ-साथ बहुत सारा इमोशंस भी देखने को मिलेगा, जो आपकी आंखों में आंसू ला देगा। 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' भोजपुरी फिल्म में काजल राघवानी, रितेश उपाध्याय, किरण यादव, मनोज टाइगर, रिंकू भारती, स्वीटी सिंह राजपूत, राम नरेश श्रीवास्तव, जय प्रकाश सिंह, संगीता राय, प्रेम दुबे, पुष्पेंद्र राय, कुणाल कुमार, रागिनी यादव, संजू सोलंकी, रमजान खान ,अशोक गुप्ता, बबिता राय व अन्य सितारे हैं। 2 मिनट 50 सेकेंड के इस वीडियो को यूट्यूब पर अब तक 227,107 व्यूज मिल चुके हैं। इसमें दिखाया गया है कि सास अपनी बहू को बिल्कुल भी पसंद नहीं करती है, लेकिन अगर सास नंबरी है तो बहू दस नंबरी है। वो ऐसी चाल चलती है कि सासू मां के चारो खाने चित्त हो जाते हैं। पति उन्हें ही घर से निकाल बाहर करता है। इस मजेदार वीडियो को देखने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है।



लाइफ स्टाइल

# सोने के कांटों से सजा गाउन पहन कान्स पहुंची हसीना

*कान्स फिल्म फेस्टिवल में फ्रांस की एक हसीना ने अपने लुक से सबको हैरान कर दिया है। दरअसल, फ्रांस की आइरिस मित्तेनेरे सोने के कांटों से सजी आउटफिट पहनकर रेड कार्पेट पर पहुंचीं और अपनी अदाओं का ऐसा जादू चलाया कि हर कोई बस उन्हें देखता ही रह गया। उनका यह आउटफिट इतना यूनिक था कि वह आसानी से सबका ध्यान अपनी ओर खींचने में सफल हो गईं। आइरिस फेमस मॉडल और टीवी*



# चेहरे के लिए बेस्ट हैं ये आयुर्वेदिक ब्यूटी टिप्स

हम केमिकल वाले क्रीम पाउडर से लेकर लोशन और स्क्रब तक कई चीजों का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही जब भी सेहत की बात आती है तो हम कोशिश करते हैं कि आयुर्वेद को अपनाया जाए, तो फिर स्किन की देखभाल के लिए आयुर्वेदिक टिप्स क्यों नहीं? 'स्कूल ऑफ आयुर्वेदा एंड पंचकर्मा' के अनुसार आज हम आपको आयुर्वेद से जुड़ी ऐसी ही कुछ टिप्स के बारे में बताने वाले हैं, जो आपकी स्किन को ग्लो देने के साथ-साथ हेल्दी भी रखेंगी। इन टिप्स का सबसे अच्छा फायदा ये है कि इनसे किसी भी तरह के साइड इफेक्ट होने की संभावना नहीं होती है।

### आयुर्वेद के अनुसार ऐसा हो स्किन केयर रूटीन?

अगर आप अपनी स्किन को हेल्दी रखना चाहते हैं, जिसके लिए इन कुछ टिप्स को अपना सकते हैं। इन टिप्स को जानने से पहले आपको ये पता होना भी जरूरी है कि आपका स्किन टाइप कौन सा है। साथ ही रोज सुबह उठकर चेहरे को पानी से धोएं, इससे स्किन का एक्सफोलिएशन बढ़ेगा, त्वचा रिपेयर होने के साथ-साथ मॉइश्चराइज भी होगी।



### स्किन को रूखा न रखें

हम कई तरह के फेस वॉश और पैक का इस्तेमाल करते हैं जो कुछ हद तक हमारी स्किन से नमी को सोख लेते हैं, जिसकी वजह से त्वचा रूखी और खुरदरी नजर आने लगती है। इसलिए आयुर्वेद कहता है कि मॉइश्चराइजर की जगह मसाज करने और गर्म तेल से मसाज कर के अभ्यंग करने का अभ्यास करें। इसे सर्कुलेशन मोशन करें। ये स्किन को डिटॉक्सीफिकेशन कर टिशू से गंदगी को साफ करने का काम करते हैं।

### रोजाना व्यायाम करें

'स्कूल ऑफ आयुर्वेदा एंड पंचकर्मा' के लेख के अनुसार आयुर्वेद कहता है कि हमारा शरीर खुद को ठीक रखने के लिए व्यायाम चाहता है, जो हमारे ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने का काम करता है। इससे स्किन में निखार आता है और मसल स्ट्रैच होती हैं, जिसकी वजह से त्वचा जवान और निखरी हुई नजर आती है।

### पूरी नींद से निखरे की त्वचा

*हमारे शरीर की जब भी कोई परेशानी होती है उसका एक कारण नींद का पूरा न होना होता है। अगर आप अपनी स्किन को हेल्दी रखने के लिए कई स्किन और ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं लेकिन नींद पूरी नहीं ले रहे हैं तो उपयोग की गई सभी चीजों का कोई प्रभाव नहीं रहेगा। आयुर्वेद के अनुसार स्वास्थ्य के लिए पूरी नींद लेना बहुत जरूरी होता है। अगर आपकी पर्याप्त मात्रा में नहीं सोते हैं तो आंखों में सूजन और स्किन एजिंग की समस्या हो सकती है।*

### इन बातों का भी रखें ध्यान

*आयुर्वेद के अनुसार तनाव लेने से स्किन और दिमाग, दोनों ही प्रभावित होते हैं। इसलिए स्ट्रेस को कम करने के लिए मेडिटेशन करें, ये तनाव भी कम होगा और इम्यूनिटी को बेहतर करने का भी काम करता है। आयुर्वेद इस बात पर जोर देता है कि आप हेल्दी और बैलेंस डाइट का रूल फॉलो करें। ये आपके शरीर को अंदर और बाहर दोनों से साफ रखता है और त्वचा में खिला-खिला निखार देता है।*

# पतले टांगों वाले लड़कों के लिए बेस्ट हैं ये 3 जींस पैंट्स



फैशन

हर मौसम में जींस लड़कों के वार्डरोब को कंप्लीट बनाने का काम करता है। कहीं भी जाना हो, बस एक जींस निकाला और पहनकर तैयार। हालांकि कई लड़कों को अपने लिए जींस चूज करने में परेशानी होती है। दरअसल, इन दिनों बाजार में इतने तरह के जींस हैं कि खरीदने जाओ तो समझ ही नहीं आता कि आखिर कौन सा जींस किस तरह के लोगों पर अच्छा लगेगा। मसलन, स्लिम फिट लूं या लूज बैगी डिजाइन लूं या कुछ और। अगर आप पतले-दुबले हैं और अपने पतले पैरों को परफेक्ट दिखाना चाहते हैं किस तरह का पैंट आपकी पर्सनैलिटी को निखारने का काम करेगा।

### कार्गो

पतले पैरों के लिए कार्गो पैंट परफेक्ट होता है। इसके फैब्रिक्स और पॉकेट्स स्किनी लेग्स को हाइड करती हैं। इनकी कटिंग बॉडी शेप को वाइड बनाता है और ये दिखने में काफी स्टाइलिश और रफ टफ लुक भी क्रिएट करता है। आप इसे टीशर्ट या कैजुअल शर्ट के साथ पहन सकते हैं। कार्गो पैंट्स हल्के और गहरे दोनों रंगों के बड़े आसानी से मिल जाते हैं। गर्मी के दिनों में अगर आप लाइट ब्राउन कार्गो पैंट लें तो ये काफी अच्छा लगेगा। आप ग्रे या आर्मी कलर कार्गो भी ले सकते हैं। ऐसे जींस आपको क्लासी लुक प्रोवाइड करता है।




### बैगी जींस

कूल और कंफर्टेबल लुक के लिए आप बाजार से बैगी जींस खरीद सकते हैं। ये जीस कैजुअल ओकेजन के लिए परफेक्ट होते हैं। आप अगर अपने लिए बैगी जींस ले रहे हैं तो इस बात का जरूर ध्यान रखें कि इसका साइज आपके कमर से परफेक्ट हो। आप एक साइज बड़ा साइज ले सकते हैं और ऑल्टर या बेल्ट के साथ पहन सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि पैंट अधिक बैगी ना हो।

### जॉगर्स

जॉगर्स भी इन दिनों काफी फैशन में है। स्किनी और स्लिम फिट वाले लड़कों पर तो ये काफी अच्छी दिखती है। खासतौर पर अगर आप कॉलेज जाते हैं तो ये पैंट आप अपने वार्डरोब में जरूर रखें। इसे आप कैजुअल ओकेजन में बड़े आराम से कैरी कर सकते हैं। ऐसे जीस राउंड नेक टीशर्ट और स्नीकर्स के साथ अच्छे दिखते हैं।

# चेहरा भर गया पिंपल्स से और फेस से ग्लो भी है गायब?



*आए दिन मेकअप का ट्रेड बढ़ाता जा रहा है। परफेक्ट दिखने के लिए महिलाएं दिनभर मेकअप लगाकर रहती हैं और देर रात इन कैमिकल प्रोडक्ट को स्किन से उतारती हैं।इन प्रोडक्ट के रेग्युलर इस्तेमाल से स्किन को काफी नुकसान पहुंचता है। ऐसे में अगर आप कुछ घंटों या दिन के लिए अपने मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल बंद कर दें और स्किन को हर तरह के प्रोडक्ट से दूर रखें तो आपकी स्किन पर काफी पॉजिटिव असर दिखेगा और स्किन रिलैक्स रहेगी। इसी कॉन्सेप्ट के साथ इन दिनों स्किन फास्टिंग टेकनीक काफी ट्रेंड में है। दरअसल, स्किन फास्टिंग एक प्रक्रिया है जिसमें स्किन को मेकअप और स्किन केयर प्रोडक्ट से ब्रेक दिया जाता है और उसे रीसेट और रीबैलेंस होने के लिए उसे बॉडी के नेचुरल हीलिंग प्रोसेस में जाने की अनुमति दी जाती है।*

### यह है स्किन फास्टिंग

आमतौर पर हम रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद स्किन केयर रुटीन को फॉलो करते हैं। इसके लिए रात में क्लीनजर, टोनर, सीरम और मॉश्चराइज आदि प्रोडक्ट का प्रयोग करते हैं, जिससे स्किन हेल्दी और प्रॉब्लम फ्री रहे। इसके अलावा, सुबह भी कई तरह के प्रोडक्ट हम स्किन पर अप्लाई करते हैं। लेकिन स्किन फास्टिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें स्किन को इन सब चीजों से कुछ दिन या महीने के लिए ब्रेक दिया जाता है। इसके तहत चेहरे को केवल मइल्ड क्लीनर और बेसिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल किया जाता है और अन्य सभी प्रोडक्ट से स्किन को दूर रखा जाता है।

### यह मिलता है फायदा

इस तरह स्किन नेचुरल प्रोसेस में खुद का हील कर पाती है, स्किन का पीएच लेवल रेगुलेट हो पाता है और यह बाहरी दिक्कतों को दूर करने में सक्षम हो पाता है। इस तरह स्किन की सेंसिटिविटी कम होती है, ओवरलोड प्रोडक्ट से स्किन बचता है और स्किन को नेचुरली हील होने का मौका मिलता है।

# झाइयां दूर करने का मिल गया जुगाड़

क्लीन और स्पॉटलेस स्किन खूबसूरती के लिए जरूरी माना जाता है। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है स्किन पर झाइयों के निशान आने लगते हैं और इनकी वजह से चेहरा दाग धब्बेदार दिखने लगता है। एक बार अगर झाइयां चेहर पर आ जाएं तो इन्हें हटाना नामुमकिन सा लगता है। लेकिन अगर आप इसे रोकना चाहते हैं और स्किन को स्पॉटलेस बनाना चाहते हैं तो किचन में रखे आलू की मदद लें। अगर आप स्किन के दाग धब्बों को हटाने के लिए आलू का इस्तेमाल सही तरीके से करें तो चेहरे पर मौजूद इन जिद्दी दाग को बड़ी आसानी से हटाया जा सकता है।



### पहला तरीका

एक आलू को मिक्सी में पीस लें और छन्नी की मदद से इसके रस को निकाल लें। अब इस रस को कुछ देर फ्रिज में रख दें। जब ये अच्छी तरह ठंडा हो जाए तो इसमें एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं और कॉटन की मदद से स्किन पर इसे लगाएं। 10 से 15 मिनट के बाद इसे धो लें। सप्ताह में 3 दिन इसका इस्तेमाल करें।

### दूसरा तरीका

एक आलू को मिक्सी में पीस लें और एक कटोरी में रखें। अब इसमें एक चम्मच दही मिला लें। अच्छी तरह मिल जाए तो आप इसे अपने साफ धुले चेहरे पर अच्छी तरह से अप्लाई करें। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड दाग को हटाएगा और चेहरा क्लीन दिखेगा। इसे भी 10 मिनट बाद धो लें।

### तीसरा तरीका

आप एक आलू को आधा काट लें और उस पर हल्दी छिड़क लें। अब आप इसे अपने साफ चेहरे पर उस जगह रगड़ें जहां पर झाइयां हो गई हैं। हल्दी में कई ऐसे एंटीऑक्सीडेंट तत्व हैं जो दाग को हटाकर चेहरे पर निखार लाती हैं। इस तरह आपके चेहरे से झाइयों के दाग तो जाएंगे ही, स्किन पर एक नेचुरल निखार भी आएगा। हालांकि जब भी इन फेस पैक का इस्तेमाल करें तो पहले स्किन पर पैच टेस्ट जरूर कर लें। अगर किसी तरह की परेशानी हो तो तुरंत इस्तेमाल बंद कर दें।

कार्नर न्यूज

## यह होती है हेयर डस्टिंग

# बालों को मोटा और घना बनाने का यह तरीका आ सकता है आपके काम

सोशल मीडिया पर आए दिन अलग-अलग ट्रेंड्स और हैक्स वगैरह देखने को मिल जाते हैं। कुछ तो ऐसी चीजें भी दिखाई दे जाती हैं जिनके बारे में शायद ही कभी सोचा या सुना हो। ऐसी ही एक तकनीक है हेयर डस्टिंग। बालों को लंबा और घना बनाने के लिए हेयर डस्टिंग की जा सकती है और कहा जा रहा है कि इससे ना सिर्फ दोमुंहे बालों की दिक्कत दूर होगी, बल्कि बाल पहले से ज्यादा मुलायम, हेल्दी और खूबसूरत नजर आने लगेंगे। लेकिन, यह हेयर डस्टिंग होती क्या है? जब हम किसी सामान की ऊपरी तौर पर सफाई करते हैं तो उसे डस्टिंग कहा जाता है। बिल्कुल इसी तरह हेयर डस्टिंग का मतलब है बालों को ऊपर-ऊपर से काटना, यानी ऊपरी सतह से कटिंग करना. हेयर डस्टिंग में सिर्फ दोमुंहे बाल हटाए जाते हैं। इससे बालों की लंबाई जस की तस बनी रहती है और खुरदुरे स्प्लिट एंड्स हट जाने से बाल मुलायम बनते हैं। हर बाल के नीचे नजर आने वाले स्प्लिट एंड्स को हटाया जाता है जिससे डैमेज्ड बाल भी हट जाते हैं। कहा जा सकता है कि हेयर डस्टिंग से बालों पर वही असर होता है जो ऊनी कपड़ों से रोएं हटाने पर नजर आता है।



### हेयर डस्टिंग तकनीक फायदेमंद क्यों है

*जो लोग बाल बढ़ाना चाहते हैं या फिर बालों की लंबाई को जस का तस रखना चाहते हैं, उनके लिए हेयर डस्टिंग तकनीक बेहद फायदेमंद साबित होती है। इस तकनीक से डैमेज्ड बाल कम होते हैं और बार-बार सैलून के चक्कर लगाने की झंझट से भी छुटकारा मिल जाता है।*

### ये लोग कर सकते हैं हेयर डस्टिंग

*किसी भी हेयर टाइप के लोग हेयर डस्टिंग कर सकते हैं। बालों को अच्छी तरह झाड़ने पर स्पिलट एंड्स नजर आने लगते हैं जिससे हेयर डस्टिंग करना आसान हो जाता है।*

### घर पर ऐसे करें हेयर डस्टिंग

*हेयर डस्टिंग करने से बाल हेल्दी बनते हैं और उनमें चमक नजर आने लगती है। फ्रिजी बालों से छुटकारा पाने के लिए भी हेयर डस्टिंग की जा सकती है। खुद से हेयर डस्टिंग करने के लिए सबसे पहले जरूरी है कि आप अच्छी क्वालिटी की कैंची खरीदें। इसके अलावा आपको कंघी, क्लिप, बाल बांधने के लिए रबड़, तौलिया और शीशे की जरूरत होगी। बालों को धोकर ब्लो ड्राई करें और बीच में से मांग निकाल लें। अब बालों को सेक्शंस में बांटे, क्लिप लगाएं और उंगलियों के बीच में लेकर नजर आ रहे स्पिलट एंड्स को काटकर हटा दें। पूरे सिर के बालों के साथ इस प्रक्रिया को दोहराने पर हेयर डस्टिंग हो जाएगी।*

### काली मिर्च में होते हैं बालों को बढ़ाने वाले तत्व

*काली मिर्च में विटामिन ए, सी होते हैं। साथ ही कोरोनॉएड, फ्लेवेनाएड्स, फोलिक एसिड, पोटैशियम जैसे कई सारे तत्व होते हैं। जो ना केवल स्कैल्प पर दोबारा से बाल उगाने में मदद करते हैं बल्कि डैंड्रफ को भी दूर करते हैं। काली मिर्च को बालों पर लगाने का बहुत ही सरल तरीका है काली मिर्च का टोनर। जो बालों की स्कैल्प को मजबूत बनाने और हेयर ग्रोथ में मदद करता है। जानें कैसे बनाएं काली मिर्च का टोनर*



### काली मिर्च का टोनर कैसे बनाएं

*काली मिर्च का टोनर बनाने के लिए बस दो चीजों की जरूरत होगी। किसी पैन या बर्तन में एक लीटर पानी डालें। इसे गैस पर रकें और 25 ग्राम के करीब काली मिर्च लेकर इसे कूटकर दरदरा पीस लें या पाउडर बना लें। अब इस पाउडर को पानी में डालकर पकाएं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि ये एक चौथाई ना रह जाए। बस इस एक चौथाई काली मिर्च के पानी को छानकर किसी स्प्रे बोतल में भर लें।*

### कैसे लगाएं काली मिर्च का टोनर

*बालों पर काली मिर्च का टोनर लगाने के लिए रात को सोने से पहले बालों की जड़ों पर लगाएं। फिर सुबह पानी से वॉश कर लें। सप्ताह में कम से कम तीन से चार बार इस टोनर को लगाने से कुछ ही हफ्तों के बाद बालों की ग्रोथ में फर्क दिखेगा और नए बाल उगने लगेंगे।*

18- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/18/2024 8:28 PM Page 1





# फिल्म श्रीकांत को देख गदगद हुए अक्षय

**मुंबई।** बीते शुक्रवार को राजकुमार राव की बहुचर्चित फिल्म श्रीकांत को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया है। आज इसे एक सप्ताह का वक्त गुजर गया है और फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए आगे बढ़ रही है। इस बीच अभिनेता अक्षय कुमार ने भी श्रीकांत को देखकर सोशल मीडिया पर इसका रिव्यू किया है। सिर्फ इतना ही नहीं वेलकम 3 कलाकार ने राजकुमार राव को एक्टिंग क्लास शुरू करने की सलाह दे डाली है। आइए एक नजर अक्की के इस लेटेस्ट पोस्ट पर डालते हैं। अक्षय कुमार फिल्म श्रीकांत को देखने के बाद अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट स्टोरी को शेयर किया है।

लाइफ Style





# रश्मिका

## अटल सेतु वीडियो की पीएम मोदी ने की तारीफ

नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना सिर्फ साउथ सिनेमा का ही नहीं, अब हिंदी दर्शकों के बीच भी काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं। रश्मिका पिछले कुछ सालों में कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा रहीं। वह आखिरी बार रणबीर कपूर स्टारर ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' में नजर आई थीं। अब रश्मिका अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पाः द रूल में दिखाई देंगी। इस बीच अभिनेत्री का एक वीडियो सुर्खियों में है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस वीडियो में रश्मिका मंदाना अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। वीडियो पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रश्मिका के पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेत्री की तारीफ की है और वीडियो को संतोषजनक बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रश्मिका मंदाना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि लोगों को जोड़ने और उनके जीवन को बेहतर बनाने से उन्हें संतोष मिलता है।

वीडियो में रश्मिका हाल ही में बने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक पर नजर आ रही हैं। हार्बर लिंक को अटल सेतु नाम दिया गया है। रश्मिका इस वीडियो में अटल सेतु की तारीफ कर रही हैं। वह कहती हैं- जहां लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में 2 घंटे लगते थे, वहां अब वे सिर्फ 20 मिनट में पहुंच सकते हैं। रश्मिका मंदाना के इस वीडियो और पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिएक्शन देते हुए लिखा, "बिलकुल! लोगों को जोड़ने और जीवन को बेहतर बनाने से ज्यादा संतोषजनक कुछ भी नहीं।" वीडियो में रश्मिका मंदाना ने अपने एक्स हैंडल पर ये वीडियो शेयर किया था। वीडियो में वह अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। पुल की खूबी बताते हुए उन्होंने ये भी कहा कि समुद्र पर बना ये सबसे लंबा पुल है, जो 22 किलोमीटर का है।

## हॉलीवुड मसाला



# जेनिफर लोपेज की चौथी शादी टूटी

**लॉस एंजिलिस।** जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में गिनी जाती हैं। अभिनेत्री ने अपनी जिंदगी में चार शादियां की हैं। तीन शादी टूटने के बाद अब खबर आ रही है कि जेनिफर चौथे पति बेन एफ्लेक से भी अलग हो गई हैं। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक की शादी में काफी समय से तनाव की खबरें आ रही थीं। कहा जा रहा था कि बेन ने जेनिफर का घर भी छोड़ दिया है। अब लेटेस्ट खबर आ रही है कि दोनों तलाक लेने जा रहे हैं। एक सोर्स के हवाले से पता चला है, बेन एफ्लेक का जेनिफर लोपेज के साथ ब्रेकअप हो गया है और वह जेनिफर के साथ जिस घर में रह रहे थे, वहां से चले गये हैं।




# प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार नहीं रहे

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकन एक्टर और प्रोड्यूसर क्रिस प्रैट पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। गार्डियन ऑफ गैलेक्सी और जुरासिक वर्ल्ड जैसी फिल्मों में क्रिस प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार का 13 मई को निधन हो गया। उनकी रहस्यमयी मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर की उम्र महज 47 साल की थी। उनके निधन की खबर ने क्रिस प्रैट को बुरी तरह से तोड़ दिया है। उन्होंने बॉडी डबल टोनी के निधन के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। टोनी मैकफार के निधन की खबर की जानकारी खुद उनकी मां ने शेयर की है। उनकी मां डोना ने बातचीत करते हुए बताया है कि उनके बेटे का आकस्मिक निधन हो गया है। हॉलीवुड के स्टंट मैन को अपने घर ओरलैंडो के बाहर 13 मई को बेहोश पाया गया था।



# कटरीना बनीं विक्की कौशल की फोटोग्राफर

**मुंबई।** विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के पावर कपल्स में गिने जाते हैं। बीते दिन एक्टर ने अपना 36वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। ऐसे में फैंस विक्की कौशल और कटरीना कैफ के बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। एक्ट्रेस ने सेलिब्रेशन की अनदेखी फोटोज शेयर की है। विक्की कौशल के बर्थडे पर कटरीना कैफ उनकी फोटोग्राफर बनीं। एक्ट्रेस ने पति की कई सारी कैंडिड फोटो क्लिक की, जो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी की है। इन तस्वीरों ने ही कटरीना कैफ का राज खोल दिया है कि वो विक्की कौशल के लिए पर्सनल फोटोग्राफर बन गई हैं। फैंस दोनों के इस रोमांस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। कटरीना कैफ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर विक्की कौशल की तीन फोटो शेयर की है।



# कार्तिक के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर में 13 मई को खराब मौसम की वजह से एक बड़ा हादसा हो गया। अचानक आए आंधी-तूफान और तेज बारिश से घाटकोपर के छेदा नगर में एक बड़ा सा होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिरा था। इस हादसे में 16 लोगों की जान चली गई। अब खबर है कि बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के मामा-मामी भी इस हादसे का शिकार हो गए और दोनों की जान चली गई। मुंबई होर्डिंग हादसे में 74 लोग घायल हो गए। बुधवार को घटानस्थल से दो शवों को निकाला गया। मृतक की शिनाख्त रिटायर्ड एअर ट्रैफिक कंट्रोल के जनरल मैनेजर मनोज चनसोरिया और उनकी पत्नी अनीता के तौर पर हुई थी. ये दोनों कार्तिक आर्यन के मामा-मामी थे। कार्तिक आर्यम गुरुवार को इनके अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे।

## टीवी मसाला

# 'मेरा हर लड़के पर दिल आ जाता है...' ईशा मालवीय



मुंबई। ईशा मालवीय सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 17' की सबसे पॉपुलर कंटेस्टेंट रही हैं। शो में ईशा ने अपने लव एंगल को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। पहले वह एक्स ब्वॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार के साथ लड़ाइयों के लिए लाइमलाइट में रहीं, फिर ब्वॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल के साथ रोमांस को लेकर उन्होंने सभी का ध्यान खींचा। समर्थ जुरेल और ईशा मालवीय बिग बॉस के घर में अपने रोमांस से हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, शो खत्म होते ही दोनों के रास्ते अलग हो गये। सलमान खान का शो खत्म होते ही यूजर्स कयास लगा रहे थे कि दोनों अलग हो चुके हैं। हालांकि, बाद में खुद समर्थ ने ही ब्रेकअप पर मुहर लगा दी। ब्रेकअप की पुष्टि के बाद ईशा को जमकर ट्रोल किया जा रहा था। अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है।

# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नहीं हो रहा ऑफ एयर

**मुंबई।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार अपने कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी की जगह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर लेकर आए। शो को लेकर दर्शक काफी एक्साइटेड थे क्योंकि कई सालों के सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा की जोड़ी एक बार फिर साथ नजर आई। ऐसे में अब शो के ऑफ एयर होने की खबरों ने फैंस को बेचैन कर दिया हे। खबर के मुताबिक, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' बंद नहीं हो रहा है। कृष्णा अभिषेक ने बताया, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' टीम ने सीजन एक खत्म कर दिया है क्योंकि वे कॉन्ट्रैक्ट से बंधे थे। केवल सीजन 1 के लिए कॉन्ट्रैक्ट खत्म हुआ है। शो बंद नहीं हो रहा है।' कृष्णा की इस बात से साफ है कि दर्शकों को अब निराश होने की नहीं, बल्कि बस थोड़ा इंतजार करने की जरूरत है।





# कांस में फिर चला ऐश्वर्या राय की नीली आंखों का जादू

मुंबई। साल 2002 से लगातार भारत को कांस के विदेशी मंच पर रिप्रेजेंट करने वाली भारतीय एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय अपनी अदाओं और खूबसूरती से लोगों का दिल जीतती आई हैं। वो अपने स्टाइल, आउटफिट और अपने विनम्र भाव से सभी को कायल कर देती हैं। एक्ट्रेस एक बार फिर कांस 2024 का हिस्सा बनी हैं। बीते दिन एक्ट्रेस जैसे ही पहुंचीं उनका भव्य स्वागत हुआ और इसके बाद से बस उन्हीं के चर्चे हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या राय छाई हुई हैं। इस खास मौके पर उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बचपन भी उनको सपोर्ट करने पहुंची हैं। कांस 2024 से उनका पहला लुक भी सामने आ गया है। इस लुक में एक्ट्रेस बला की खूबसूरत लग रही हैं। ऐश्वर्या राय ने ब्लैक, व्हाइट और गोल्ड के काम्बिनेशन में हैवी ट्रेल गाउन कैरी किया है। इस गाउन पर गोल्ड फॉइल वर्क का काम है और व्हाइट स्टेटमेंट स्लीव्स हैं। साथ ही एक लंबी ट्रेल भी है, जिस पर गोल्डन फ्लावर पैच हैं। इस पूरे लुक को एक्ट्रेस ने बड़े गोल्ड हूप्स, मैसी हेयर्स और मिनिमल मेकअप के साथ कंप्लीट किया है। ऐश्वर्या राय का ये लुक इस वक्त खूब चर्चा में हैं और सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।

# जुगल हंसराज का खतरनाक लुक आउट

मुंबई। यशराज बैनर तले बनी कल्ट फिल्म मोहब्बतें फैंस की फेवरेट मानी जाती है। इस मूवी में शाह रुख खान, अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या सहित कई नए कलाकारों ने काम किया था।



उनमें से एक जुगल हंसराज भी रहे, जो छोटी सी उम्र से हिंदी सिनेमा में एक्टिव हैं।मोहब्बतें में चॉकलेटी ब्वॉय की इमेज को लेकर जुगल का नाम काफी पॉपुलर हुआ था। हालांकि इसके बाद वह एक्टिंग की दुनिया से कुछ समय के लिए दूरी बना ली थी। लेकिन अब वह कमबैक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनकी अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज से फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसकी वजह से उसे पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। जुगल हंसराज का नाम अपने दौर के सबसे चार्मिंग अभिनेताओं में से एक रहे हैं। हालांकि उम्र के बढ़ते बढ़ाव से उनका लुक अब बदल गया। लेकिन उससे कहीं गुना उनका रूप अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज में बदला हुआ दिख रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म लायन्सगेट इंडिया की एक तरफ से जुगल का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया गया है।



# फिल्म प्रमोशन में नेपोटिज्म पर किया मजाक : जाह्नवी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव और एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के लिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान राजकुमार राव ने जाह्नवी कपूर पर नेपोटिज्म को लेकर मजेदार अंदाज में तंज कसा। दरअसल, पहले जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर मजाक किया, उसके बाद एक्टर राजकुमार राव ने उनपर तंज कसा। एक इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर बात शुरू की। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि स्कूल में उन्हें कोरस का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन वो अच्छा गा नहीं पाती थीं तो उनके सामने का माइक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि एक महिला ने कहा था कि जाह्नवी के सामने वाला माइक ऑफ कर दो। जाह्नवी के साथ हुए इस किस्से को सुनकर राजकुमार राव ने कहा, "रखा क्यों बेचारी को फिर? मना कर देते। इसके बाद जाह्नवी ने मजाकिया अंदाज में कहा, नेपोटिज्म अफकोर्स, इसलिए तो रखा था मुझे कोरस में। जैसे ही जाह्नवी ने नेपोटिज्म के बारे में बोला, राजकुमार राव ने कहा कि फिर तो ठीक है। फिर तो काश जिंदगी में हम भी बहुत सारे माइक ऑफ कर पाते। जाह्नवी राजकुमार राव की बात सुनकर चौंक गईं और तुरंत उनसे पूछा कि क्या ये उनके लिए टॉन्ट था।

# रातों की नींद उड़ा देंगी ये हॉरर वेब सीरीज

**मुंबई।** अगर आपको डर एक्सपीरियंस करना पसंद है। सिहर जाना पसंद है। रातों की नींद उड़ाना पसंद है तो ये आर्टिकल आपके लिए ही है। इस आर्टिकल में हम आपको सात ऐसी वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं जो हिंदी में ओटीटी पर मौजूद हैं और जिनकी आईएमडीबी रेटिंग सात से ऊपर है। इनकी स्टोरीलाइन शानदार है और कॉन्सेप्ट बेहद खतरनाक है। इन सात हॉरर वेब सीरीज के नाम बताने से पहले हम आपको वॉर्निंग देना चाहते हैं। अगर आपको बहुत ज्यादा डर लगता है, लेकिन डरावनी वेब सीरीज देखना पसंद है तो आप अकेले ये वेब सीरीज न देखें। वीकेंड पर अपने दोस्तों या फिर परिवार के किसी सदस्य के साथ इन वेब सीरीज के एपिसोड्स को बिंज वॉच करें।

## आईएमडीबी पर 7 से ऊपर है इनकी रेटिंग



### घोल

आईएमडीबी रेटिंग: 7.0/10
कलाकार: राधिका आप्टे, मानव कौल, रोहित पाठक

### अनकही अनसुनि

आईएमडीबी रेटिंग: 7.3/10
कलाकार: वीभा आनंद, आत्म प्रकाश मिश्रा, अरविंद जांगिड़, अभि शर्मा
कहां देखें: डिज्नी+हॉटस्टार





### डार्क

आईएमडीबी रेटिंग: 8.7/10
कलाकार: लुई हॉफमैन, कैरोलिन आइचोर्न, लिसा विकारी



### द हॉन्टिंग ऑफ हिल हाउस

आईएमडीबी रेटिंग: 8.5/10
कलाकार: माइकल हुइसमैन,कार्ला गुगिनो, हेनरी थॉमस

**शैतान हवेली** : आईएमडीबी रेटिंग: 7.2/10
कलाकार: वरुण ठाकुर, भूपेश सिंह, जाहिद अली
कहां देखें: अमेजन प्राइम वीडियो

### रात अकेली है

आईएमडीबी रेटिंग: 7.2/10
कलाकार: आशीष छीपा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राधिका आप्टे





### 13 बी

आईएमडीबी रेटिंग: 7.3/10
कलाकार: माधवन, नीतू चंद्रा, पूनम ढिल्लों
कहां देखें: डिज्नी प्लस हॉटस्टार



## खबर संक्षेप

### विश्वशांति हरियज्ञ पूजन में शामिल हुए श्रद्धालु

**तमनार।** ग्राम जरेकेला मुढ़ीनार में विश्वशांति हरियज्ञ पूजन 14 मई से 20 मई तक श्रद्धापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। विश्वशांति हरियज्ञ पूजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम डांस, नाटक प्रतियोगिता, गाहक बाधक, कथा प्रवचन, पंडवानी एवं मेला में हजारों श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ रहा है। 14 मई को जलयात्रा अंकुरा रोपण एवं रात्रि ईनामी डांस प्रतियोगिता 15 मई गाहक बाहक, 16 मई हवन पूजन, संध्या आरती एवं सायं कलश शोभायात्रा तथा रात्रि भजन कीर्तन, 17 मई कथा वाचक कामता प्रसाद शरण का प्रवचन, 18 मई को गोकुलानंद पटनायक का प्रवचन एवं रात्रि माया पंडवानी दुजनबाई की मनमोहक प्रस्तुति 19 को हवन पूजन, संध्या आरती एवं रात्रि ईनामी नाटक 20 मई को पूर्णाहुति व आशीर्वाद के साथ महाप्रसाद वितरण एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

कथावाचक कामता प्रसाद शरण छत्तीसगढी भाषा में काफी आकर्षक ढंग से भगवान श्री राम प्रभु कृष्ण प्रभु के जीवन चरित को प्रस्तुत किया तो चारों तरफ जयकारे गुंजने लगा। कामता प्रसाद भगवान श्रीराम कथा के साथ अन्य कथा प्रसंग को काफी मनमोहक और सरल ढंग से छत्तीसगढ़ी में प्रस्तुत किया तो हजारों लोगो ने जमकर तालिया बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

कलियुग में भी लोगो का भगवान देवी देवताओं में अगाध श्रद्धा भक्ति भाव है। जीवन मे हंसना जरुरी है किसी भी ब्यक्ति का हंसते हुए रूप भगवान का रूप है। धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन से गांव के साथ साथ पुरे प्रदेश में सुख शांति समृद्धि खुशहाली बनी रहती है।

कथा वाचक कामता प्रसाद शरण महाराज ने बताया कि बचपन से ही 15 वर्ष की उम्र से गुरु की कृपा से लगातार वे छत्तीसगढ ओडिसा, महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों में पहुचकर भगवान श्रीराम की कथा करने का उन्हे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने छत्तीसगढ़ वासियो को अपनी बोली भाषा छत्तीगढ़ी रहन सहन संस्कार सभ्यता का संरक्षण संवर्धन करने अपील किया। उन्होंने युवाओं को तामसी भोजन मांस मंदिरा से दूर रहकर शाकाहार सादा जीवन उच्च विचार रहकर सद्चरित्रवान बनकर समाज देश सेवा करने आग्रह किया।

### स्कूल में समर कैम्प से छात्र-छात्राओं में उत्साह

**तमनार।** विकास खण्ड तमनार के प्राथमिक व माध्यमिक शाला नूनदरहा संकुल औराईमुड़ा शाला परिसर में शाला प्रबंधन समिति, पालकों छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति में परम्परागत रूप से मां शारदा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्राथमिक व माध्यमिक शाला नूनदरहा, नावाडीह, केराखोल का संयुक्त रूप से समर कैम्प का आयोजन में प्रमुख रूप से व्यायाम योगाभ्यास, नैतिक शिक्षा एवं स्वच्छता, 2 से 20 तक पहाड़ा का अभ्यास एवं बाल गीत एवं कविता का हाव भाव एवं गतिविधि के साथ स्वतंत्र वातावरण में अभ्यास कराया गया। ग्रीष्म कालीन अवकाश में छात्रों को शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों से जोड़े रखने हेतु शासन के मंशा अनुरूप विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी तमनार मोनिका गुप्ता, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तर कुमार सिधार एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक जयप्रकाश साहू के मार्गदर्शन एवं संकुल प्राचार्य और संकुल समन्वयक के कुशल नेतृत्व में सभी शिक्षकों के सहयोग से समर कैम्प का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में 57 छात्र छात्राए 16 पालक 9 शाला प्रबंधन समिति के सदस्य तथा 7 शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए। कार्यक्रम को देखकर पालकों और बच्चों का उत्साह दुगुना हो गया और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम कराने की बात कही गई। समर कैम्प के दूसरे दिन के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्यायाम एवं योग शिक्षा 2 से 20 तक पहाड़ा का अभ्यास, नैतिक शिक्षा, चित्रकला एवं मिट्टी के खिलौना निर्माण जैसे गतिविधियों को शामिल किया गया। कार्यक्रम संकुल समन्वयक श्रवण कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में नरेन्द्र कुमार पटेल प्रधानपाठक माध्यमिक शाला नूनदरहा, रामेश्वर चौहान प्रधानपाठक प्राथमिक शाला नूनदरहा, शिक्षक लम्बोदर सिंह राठिया आदि उपस्थित थे।

### 100 ट्रैक्टर से अधिक रेत सहित चैन मशीन जब्त

# रेत की अवैध डंपिंग पर रायपुर व सारंगढ़ खनिज अमले की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

रायपुर माइनिंग की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है, जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर माइनिंग विभाग के डायरेक्टर द्वारा एक संयुक्त टीम बनाकर सारंगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंघनपुर में चल रहे अवैध रेत खनन की शिकायत लगातार मिल रही थी, जिसको संज्ञान में लेते हुए एक टीम बनाकर कार्यवाही करने के लिए भेजा गया और कार्यवाही से क्षेत्र में हडक़ंप सी मच गई।

खनिज विभाग के डिप्टी डायरेक्टर बीके चंद्राकर ने बताया कि कोई भी जिला हो जहां भी अवैध उत्खनन या परिवहन करने की शिकायत मिलेगी तो हम एक टीम बनाकर कार्यवाही करेंगे, चाहे कोई भी हो अवैध उत्खनन या परिवहन पर सख्त निगरानी रखी गई है और कार्यवाही भी जल्द ही की जाएगी। टीम द्वारा सुबह अवैध रूप से चल रहे रेत खदान पर कार्रवाई की गई है, जिसमें एक चेन मशीन को जब्त किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

वही सारंगढ़ माइनिंग विभाग के खनिज अधिकारी भारद्वाज द्वारा हाल ही दिनों में एक टीम बनाकर अवैध रूप से भंडारण रखे 100 ट्रैक्टरों से भी ज्यादा अवैध तरीके से रेत की डंपिंग पर कार्रवाई किया गया है और उसके दूसरे ही दिन रायपुर से खनिज विभाग की टीम निकली और कार्यवाही की है जिससे क्षेत्र में हडक़ंप सी मच गई है और माइनिंग विभाग के भी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



कार्रवाई करने पहुंचे खनिज विभाग के अधिकारी।

#### रायपुर में हुई थी शिकायत

वही प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रेत खनन की शिकायत रायपुर में हुई थी तभी एक टीम बनाकर खनिज विभाग के डायरेक्टर महेश बाबू के निर्देश पर डिप्टी डायरेक्टर बीके चंद्राकर के मार्गदर्शन पर खनिज विभाग के खनिज अधिकारी, बारीक और अनिल साहू के द्वारा टीम गठित कर कई क्षेत्र के इंस्पेक्टर और खनिज विभाग के टीम बनाकर कार्यवाही करने के लिए भेजा गया था। माइनिंग विभाग ने सिंघनपुर गांव आते हुए सुबह ही कार्यवाही करने के लिए पहुँच गए, जिसमें रेत की अवैध खनन एक चेन मशीन द्वारा किया जा रहा था जिसको जब्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# बिना अनुमति बोर खनन कर रही दो गाड़ियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में बोर खनन पर 10 मई से 15 जुलाई तक कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आदेश जारी कर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इस अवधि में बोर खनन करने के लिए संबंधित एसडीएम से पूर्वानुमति लेना आवश्यक है बिना अनुमति के बोर खनन पर कार्यवाही किया जाएगा। इसी क्रम में पुसौर तहसील के कोतमरा गांव में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन कर रही दो गाड़ियों को एसडीएम रायगढ़ के मार्गदर्शन में राजस्व अमले द्वारा जप्त किया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी ने बताया कि तहसील पुसौर के कोतमरा गांव में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन किया जा रहा था। मौके में सालिकराम बोर वेल बसना जिला महासमुन्द छग के द्वारा ग्राम त्रिभौना तहसील पुसौर के बंशीधर प्रधान को अपना ट्रक कमांक सीजी 04 सीपी 3972 एवं सहायक ट्रक कमांक टीएन 28 एएस 1902 को किराए में दिया जाना ज्ञात हुआ। उक्त दोनो बोर वेल यंत्र को मौके में मोहरमती सिदार के भूमि में बोर खनन करते पाया गया है।

मौके में किसान तथा बोर वेल संचालक के द्वारा बोर खनन के संबंध में किसी प्रकार के अनुमति संबंधी दस्तावेज उलब्ध नही होना बताए जाने पर उक्त दोनो ट्रकध्बोर वेल यंत्र को थाना पुसौर के सुपुर्द में सौपा गया। जिसपर नियमानुसार कार्यवाही हेतु उच्च कार्यालय को भेजा गया।



■ पुसौर तहसील के कोतमरा गांव में हो रहा था अवैध खनन

# तेज रफ्तार जीप बंजारी मंदिर के बाउंड्री से टकराई, गार्ड सहित दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बंजारी मंदिर मिलूपारा अदानी गेट के पास मिलूपारा बंजारी मंदिर के पास अंदर जो ऑफिस है वहां से गाड़ी क्रमांक सीजी 13 एजेड 2184 सीएसपीडीसीएल एम्पलाई ओम प्रकाश पटेल अपने वाहन को चल रहा था जो स्पीड ज्यादा होने की वजह से कहें अनुभव कम होने की वजह से जो अदानी गेट के पास कंट्रोल नहीं कर पाने की वजह से जो गेट खोलने के लिए गार्ड था उसको टक्कर मारते हुए सामने सड़क पार करके बंजारी मंदिर के बरामदा में टकरा गया। दो पिलहर को तोड़ते हुए जा फसा हादसा इतना भयानक हुआ है देखने से गाड़ी स्पीड ज्यादा थी टकराने से जो फिलहर टूटे हैं। उसके लोहे के एंगल कांच फोड़ते हुए स्कॉर्पियो में हेल्फर साइड जा घुसा है। यह गाड़ी ओमप्रकाश पटेल के द्वारा चलाए जा रहा था जो कंपनी एम्पलाई है सीएसपीडीसीएल का साथ में एक और आदमी बैठा था जो अदानी कंपनी में हाउसकीपिंग का काम करता था गाड़ी की रफ्तार इतनी अधिक थी कि गार्डन जो गेट पर रहते हैं वह दरवाजा नहीं खोल पाया था दरवाजे को टक्कर मारते हुए गई है। इससे गार्ड को चोट पहुंचा है रोड के उसपार दर्पण लगा था जो कंपनी गेट व सड़क पर चलने वालों को देख सके की कोई वहान तो नही आ रहा है। उसको को भी तोड़ते हुए मंदिर के प्रांगण में जा टकराया। जो गेट में ड्यूटी कर रहे थे गार्ड के मुताबिक ड्राइवर और जो बैठा था उसको कम चोट आए हैं कहां जा रहे हैं बाकी उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है।



### राहुल गांधी के पक्ष में उमेश पटेल ने ली सभा

**रायगढ़।** कांग्रेस ने रायबरेली की हाई प्रोफाइल सीट को जीतने के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल को स्टार प्रचारक के रूप में मैदान में उतारा है। उमेश पटेल जो कि कई चुनावों का अनुभव रखते हैं वे पिछले कुछ दिनों से रायबरेली में राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए छोटे छोटे गांव और कस्बों में धुआंधार जनसभाएं कर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस की जीत के मायने बताते हुए राहुल गांधी को समर्थन देने का आव्हान कर रहे हैं। उमेश पटेल की लोकप्रियता और उनके संवाद क्षमता को देखते हुए लोग उन्हें सुन रहे हैं और उनकी बातों को समझ भी रहे हैं जिससे रायबरेली में कांग्रेस की स्थिति मजबूत होती दिख रही है। यूथ आइकॉन उमेश पटेल के चुनावी कैंपेन से जहां कांग्रेस के हौसले बुलंद हैं वहीं विपक्षियों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं उनके प्रभावी अंदाज और अनुभव का फायदा कांग्रेस पार्टी को मिलने की उम्मीद है।

# अवैध शराब पर कार्रवाई, 2 महिला समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने ग्राम देवगांव, महलोई, बुडिया, झिंकाबहाल, टिहलीरामपुर, पाता, करवाही एवं गोहड़ीडीपा का सघन भ्रमण करते हुए अवैध शराब बनाने व बिक्री करने के मामले में लगातार पांच कार्रवाई कर दो महिला समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे करीब 60 लीटर अवैध शराब जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकरी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज मामले को विवेचना में लिया गया है।

■ 60 लीटर शराब जब्त, तमनार पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस टीम ने ग्राम टिहलीरामपुर में आरोपी हेतलाल भगत उम्र 47 साल निवासी टिहलीरामपुर से बाडी में छिपा कर रखा 20 लीटर अवैध महुआ शराब की जब्ती किया गया। ग्राम देवगांव में आरोपी तरुण कुमार साहू उम्र 34 साल निवासी ग्राम देवगांव को अवैध रूप से शराब बेचते पकड़े जिससे 08 लीटर महुआ शराब और बिक्री रकम 150 रुपए बरामद हुआ। अवैध शराब बिक्री की सूचना पर ग्राम पाता में पुलिस टीम ने आरोपिया श्रीमती अनिता भगत को पकड़ा जिससे 3.5 लीटर और ग्राम करवाही में शराब रेड में आरोपिया श्रीमती सीमा सिदार से 03 लीटर अवैध महुआ शराब की जब्ती किया गया है। इसी कड़ी में आज सुबह तमनार पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम गोहड़ीडीपा में आरोपी नत्थूराम यादव उम्र 58 साल निवासी गोहड़ीडीपा के कोला बाड़ी में गढ्ढा कर बोरी में छिपाकर रखा हुआ 25 लीटर महुआ शराब की जब्ती की गई है। पुलिस टीम द्वारा 05 कार्रवाई में 59.5 लीटर अवैध महुआ शराब कीमती 11,900 की जप्ती की गई है, आरोपियों पर थाना तमनार में पृथक पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।



### महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, 22 लीटर शराब जब्त



**सरसींवा।** सरसींवा पुलिस से 22 लीटर महुआ शराब के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 15 मई की शाम करीब 5 बजे आस पास भिनोदी निवासी सुखराम तंजय पिता हरिराम तंजय और तीजराम तंजय पिता हरिराम तंजय को 22 लीटर महुआ शराब के साथ रंगे हाथो पकड़ा गया। ग्राम भिनोदी के सुकराम तांजय एवं जीतराम तांजय दोनो भाई अपने घर बाडी में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु शराब रखने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपीगण सुकराम तांजय पिता हरीराम तांजय उम्र 52 वर्ष निवासी भिनोदी थाना सरसीवां जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जीतराम तांजय पिता हरीराम निवासी से 22 लीटर शराब जब्त कया गया है।

# छपोरा में समर कैंप के प्रथम चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कटेली।** शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्माअवकास में बच्चों को शैक्षणिक संस्थानों शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ें रखने तथा विभिन्न क्रियाकलापों से उनके मनोरंजन के साथ साथ समय का सही सदुपयोग करने के लिए विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश कुमार पटेल एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं संकुल प्राचार्य विजय कुमार साव व संकुल शैक्षिक समन्वयक मायाराम गुप्ता के विशेष सहयोग एवं शाला विकास समिति के सहयोग से विद्यालय शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला छपोरा, संकुल केन्द्र छपोरा विकास खण्ड पुसौर में 11 मई से समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिदिन बच्चों को विभिन्न क्रियाकलापों गतिविधियों के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता रहा जिसमें मुख्य रूप से प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 15 मिनट योग अभ्यास 15 मिनट का बालिकाओं हेतु कराटे का अभ्यास, 15 मिनट नैतिक एवं शारीरिक शिक्षा 30 मिनट कंप्यूटर शिक्षा, 30 मिनट पुस्तकालय वाचन, 15 मिनट सांस्कृतिक कार्यक्रम, 30 मिनट सामूहिक गतिविधियों के साथ साथ प्रतिदिवस अलग अलग गतिविधि जैसे कविता, कहानी, मेहंदी, नृत्य, गायन, वेश भूषा, ड्राइंग पेंडिंग, चित्रकला, रंगोली का आयोजन कर बच्चों के समर कैंप को और भी आकर्षक बनाया जाता रहा जिसमे माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुख गंगाराम प्रधान, प्राथमिक शाला के संस्था प्रमुख अल्का मिश्रा के साथ साथ सभी शिक्षकों विनय मोहन पटेल, परमानंद शर्मा, अमृत कुंवर पटेल, यशवंत गुप्ता एवं समर कैंप में विशेष साथ रहा गांव के ही उच्च कक्षाओं में पढ़ रहे छात्र छात्राओं कल्पना भोय, अर्चना गुप्ता, अन्नपूर्णा गुप्ता, प्रीति प्रधान, अनिता गुप्ता के साथ साथ शाला विकास समिति के अध्यक्ष धनेश्वर प्रधान तथा सभी सक्रिय सदस्यों ने विशेष भूमिका निभाई हैं। सब के साथ और सहयोग से सात दिवसीय समर कैंप के प्रथम चरण का 17 मई को बड़े ही धूमधाम से समापन किया गया, जिसमें सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी किया गया था।




### वाहन का क्लेम देने के निर्देश, उपभोक्ता फोरम ने ग्राहक के पक्ष में दिया निर्णय


**रायगढ़।** आईसीआईसीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने वाहन का बीमा करने के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहन का क्लेम नहीं देने के मामले में उपभोक्ता फोरम ने कंपनी को बीमा के साढ़े 6 लाख रूपए देने का आदेश जारी किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोसीर थानांतर्गत ग्राम सिलयारी निवासी हरीराम साहू ने अपने जीवीकोपार्जन के लिए बोलेरो वाहन फायनेंस के माध्यम से लिया था। उसने वाहन का बीमा आईसीआईसीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के रायगढ़ कार्यालय से कराया था। वहीं बीमा की प्रिमियम राशि का भुगतान भी उसने किया था। 20 अगस्त 2022 को भटगांव से रायपुर जाने के दौरान खरोरा के समीप सामने मवेशी आ जाने की वजह से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना की सूचना हरीराम ने संबंधित थाना व बीमा कंपनी को दी थी। इस पर कंपनी की ओर से उसे क्लेम फार्म व सर्वेयर की डैमेज रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया था। उसने महिन्द्रा कंपनी के अधिकृत सर्वेयर से रिपार्ट तैयार कर अन्य सभी दस्तावेज कंपनी में प्रस्तुत किया था। बावजूद इसके बीमा कंपनी द्वारा किसी प्रकार का क्लेम नहीं दे कर सेवा में कमी करने पर हरीराम साहू ने उपभोक्ता फोरम रायगढ़ में वाद दायर किया था। उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल एवं सदस्य राजेन्द्र पाण्डेय व राजश्री अग्रवाल ने उभय पक्ष की सुनवाई के बाद आईसीआईसीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी का सेवा में कमी करना पाया। इस पर फोरम ने कंपनी को आदेशित किया है 6 लाख 50 हजार रूपए दिए जाए।

# बीएनआई के पहले सम्मेलन में 40 उद्यमी हुए शामिल

**रायगढ़।** प्रथम बीएनआई इन्फो मीटिंग का व्यापारिक सम्मेलन रायगढ़ में विशेष सफलता के साथ संपन्न हुआ। यह सम्मेलन समर्थकों और व्यावसाइयों के बीच नए संबंधों और व्यापारिक अवसरों का बाजार स्थापित करते हुए रखी गई थी। इस सम्मेलन में विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों से 40 से अधिक अनुभवी उद्यमियों ने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। इससे सभी उपस्थित लोगों को एक व्यापारिक दिशा मिली। उनमें एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। सभी व्यापारी बहुत खुश हैं कि उनके शहर में अब बीएनआई अपना पहले अध्याय गठन करने जा रही है। बीएनआई इन्फो सम्मेलन में व्यापारिक सलाहकारों के लिए मंच उपलब्ध था। व्यापारिक चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा कर उन चुनौतियों से कैसे निपटा जाए उसका सही रास्ता उन्हें सम्मेलन में मिला। जिससे उनका उत्साह को देखते ही बनता था। सम्मेलन के बाद हम नई योजनाओं और प्रक्रियाओं को शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जो हमारे सदस्यों के व्यापारिक अवसरों की उन्नति करेगी। अधिक जानकारी के लिए एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजेश बाईस्या, लॉन्च अंबेसेटर अंशुल से संपर्क कर सकते हैं।

BNI RAIGARH







| Raigarh To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Jharsuguda Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Raipur Airport | 2999 | 4999 | 1499 |
| Bilaspur | 1999 | 2999 | 999 |

